भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-333
उत्तर देने की तारीख-23/07/2025

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का कार्यान्वयन

333 श्री शुभाशीष खुंटिया:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित कर दी गई है;
(ख) यदि नहीं, तो विलंब के क्या कारण हैं; और
(ग) क्या शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल को नए एनसीएफ के साथ संरेखित किया गया है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुपालन के रूप में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई) और आधारभूत चरण के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) विकसित की है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रसारित की है।

एनईपी, 2020, में अन्य बातों के साथ-साथ, यह प्रावधान है कि राज्य अपना स्वयं का पाठ्यक्रम तैयार करेंगे जो यथासंभव एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क (एनसीएफ-एसई) पर आधारित हो सकता है और पाठ्यपुस्तकें तैयार करेंगे जो यथासंभव एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक सामग्री पर आधारित हो सकती हैं, जिसमें आवश्यकतानुसार राज्य की अभिरुचि और सामग्री को शामिल किया जा सकता है।

इसके अलावा, शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है। संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को एनईपी 2020 के अनुसार एनसीएफ के कार्यान्वयन के संबंध में नियमित रूप से जागरूक किया जा रहा है।

स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल (निष्ठा) कार्यक्रम के अंतर्गत आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकज्ञान (एफएलएन) तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के लिए शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल को एनसीएफ के साथ अनुकूलित किया गया है।

*****